तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026




14 समाधान शिविर में 19 गांवों के ग्रामीण पहुंचे



14 मामूली आंधी में ढहे 33 केवी लाइन के खंभे, रातभर ...





# जिलेभर की बैंकों में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को जिले के समस्त बैंकों में विशेष आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान बैंक सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्था, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा अन्य सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। साथ ही बैंक परिसर में आने-जाने वाले लोगों से उनके बैंक आने के उद्देश्य के संबंध में पूछताछ कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। निरीक्षण के दौरान बैंक प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने, सीसीटीवी कैमरों को नियमित रूप से चालू रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। जिला पुलिस ने आमजन से भी सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि बैंक परिसर या आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि संभावित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

## सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम का किया गया निरीक्षण







## खबर संक्षेप

### भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक आज

**बलौदाबाजार।** भाजपा युवा मोर्चा जिला बलौदाबाजार की नवीन कार्यकारिणी की परिचयात्मक बैठक जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में युवा मोर्चा के सभी नवीन पदाधिकारीगण, जिले में निवासरत युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य का परिचय होगा। इस बैठक में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक कोर कमेटी सदस्य भाजपा शिवरतन शर्मा, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिहा, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी अमित साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, प्रदेश मंत्री भाजयुमो मोरध्वज पैकरा समेत सभी वरिष्ठों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन उर्मिला के पति हेमराम, निवासी ग्राम सिरियाडीह तहसील लवन क़ी कुंआॅ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### जुआ खेलते 15 गिरफ्तार डेढ़ लाख रुपए जब्त

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पुलिस तथा रात्रि गश्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को जुआरियों की फड़ पर छापे की कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा नकदी राशि जब्त की है।

## संकट : कीमत बढ़ने की अफवाह से बिक्री प्रभावित, पंपों पर उमड़ी भीड़

# पेट्रोल-डीजल को लेकर जिले में हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि की अफवाह के चलते गुरुवार को कई पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए पंपों पर पहुंच गए, जिससे कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं। कुछ पेट्रोल पंपों में तेल खत्म होने की स्थिति बनी, जबकि कई संचालकों ने ग्राहकों को तेल देने से मना कर दिया।सूत्रों के अनुसार, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की चर्चाओं के बीच कुछ पंप संचालकों द्वारा तेल की बिक्री रोकने और अधिक कीमत पर अधिक मुनाफा कमाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं कई स्थानों पर पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी की भी चर्चा है। हालांकि जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसी संबंध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को खाद्य विभाग, ऑयल कंपनियों और एलपीजी वितरकों की बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की। बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। कुछ स्थानों पर वितरकों द्वारा समय पर डिमांड जनरेट नहीं किए जाने से आपूर्ति में देरी हो रही है।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी में जमाखोरी, कालाबाजारी या अन्य अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने खाद्य अधिकारियों और निरीक्षकों को प्रतिदिन पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर स्टॉक और वितरण की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा सहित ऑयल कंपनियों के अधिकारी और वितरक उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने कालाबाजारी पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी





### जरीकेन में पेट्रोल-डीजल पर रोक

प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि केवल वाहनों में ही पेट्रोल-डीजल दिया जाए तथा जरीकेन में बल्क मात्रा में ईंधन न दिया जाए। खेती कार्य के लिए ट्रैक्टर हेतु सीमित मात्रा में डीजल देने के दौरान वाहन के दस्तावेज और उपभोक्ता का विवरण रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। वहीं निर्माण कार्य में लगे पोकलेन और अन्य अर्थ मूवर मशीनों के लिए विभागीय सत्यापन और वर्क ऑर्डर प्रस्तुत करने के बाद ही डीजल उपलब्ध कराया जाएगा।



# मॉर्निंग वॉक में निकली महिला के गले से छीनी सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



बुधवार को प्रतिदिन की भाती मार्निंग वॉक पर सुबह तकरीबन 6.30 बजे निकली भाजपा महिला मोर्चा कसडोल की उपाध्यक्ष नर्मदा यादव के साथ दिनदहाड़े चैन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर पीड़िता ने कसडोल थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बुधवार को सुबह घर के सामने एक मोटर सायकिल में 3 व्यक्ति आए और 2 व्यक्ति नीचे उतरे, जिसमें से एक व्यक्ति लंबा गोरा तथा दूसरा व्यक्ति सांवला था। दोनों व्यक्ति मेरे पीछे आने लगे तथा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास पहुंचे तो दोनों व्यक्ति ने पीड़िता से पूछा कि आंख, कान, नाक वाला हास्पिटल कहा पर खुला है, जिस पर पीड़िता ने आगे पता करने की बात कही। इसके बाद अज्ञात आरोपियों ने पीछा करते हुए एक बड़ा लंबा व्यक्ति बोलने लगा कि हमें पानी पिला दो, हम लोग हरिद्वार से पहुंचे है। पून्य कमा लो कहने पर घर से लाकर देती हूं बोलने पर कहा कि जितना दूर से पानी लाकर दोगे उतना पूण्य मिलेगा, कहने पर मैं पानी ढूंढने दोनों व्यक्ति के साथ मेन रोड पर जाकर देखी, तो कोई दुकान नहीं खुली थी, तब फिर मैं वापस अपने घर जाने के लिये आ रही थी कि स्वामी आत्मानंद स्कूल गेट के पास पहुंची तभी दो व्यक्ति अगल बगल खड़े होकर एक तीसरा व्यक्ति मेरे पीछे गर्दन में पहनी सोने के लॉकेट को लूटकर तीनों एक साथ मोटर सायकिल में बैठकर भाग गये। इसके बाद पीड़िता कसडोल थाना पहुंचकर मामला दर्ज करायी है। इधर पुलिस ने शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। फिलहाल सूत्रों की माने तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली है, जिसमें आरोपी उत्तराखंड के आदतन अपराधी बताए जा रहे हैं, जिसकी पतासाजी पुलिस कर रही है।

- आरोपी बाइक से भागे
- पुलिस ने जांच तेज की

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

**- द्वारिका रात्रे,** जांच अधिकारी थाना कसडोल

# रामसागर तालाब के कायाकल्प के बीच उठी स्वच्छ पानी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शहर के प्रमुख जलाशय रामसागर तालाब में इन दिनों गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है। इसी बीच नगरवासियों की सुविधा और स्वच्छ जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने संबंधित विभाग को आवेदन सौंपकर तालाब में गंदे पानी की निकासी तथा स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि वर्तमान में पांडेपारा से गुजरने वाली 14 नंबर नहर का पानी डाबरी के माध्यम से रामसागर तालाब में पहुंचता है। डाबरी में गंदा पानी जमा होने के कारण तालाब का पानी बदबूदार और कीटयुक्त हो जाता है, जिससे आसपास के वार्डों के रहवासियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया है कि तालाब से गंदे पानी की निकासी के लिए स्लूइस गेट लगाया जाए तथा 14 नंबर नहर में गोल पाइप डालकर उसे सीधे तालाब की पुलिया से जोड़ा जाए, ताकि स्वच्छ पानी सीधे रामसागर तालाब तक पहुंच सके। वर्तमान में तालाब सूखा होने और मिट्टी निकासी का कार्य चलने के कारण इस कार्य को पूरा करने का उपयुक्त समय बताया गया है।

### सुविधाओं के विस्तार की मांग तेज

चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि रामसागर तालाब में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक, धार्मिक गतिविधियों और सामाजिक आयोजनों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां स्वच्छ एवं शुद्ध जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं का विकास भी जरूरी है, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके। नगरवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रामसागर तालाब शहर की पहचान है और यहां सुविधाओं का विस्तार समय की मांग है।

# नई खाद वितरण नीति का कांग्रेस ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैसा




खोरसी, सेजा, भण्डारपुरी, देवरतिल्दा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में किसानों द्वारा समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शित किया गया और पूर्व में जिस, अनुपात में खाद का वितरण हुआ था उसी अनुपात में वितरण करने की मांग की गई। साथ ही उपस्थित समस्त किसानों ने खाद वितरण का बहिष्कार किया। किसानों ने एकमत होकर कहा- जब तक मांग पूरा नहीं होगी, खाद उठाव नहीं करेंगे, ऐसा संकल्प लिया। प्रकाश मारकंडेय ने कहा सरकार को किसानों की समस्या को समझना चाहिए व खाद की मात्रा को बढ़ानी चाहिए।

मार्कण्डेय ने कहा ऐसे स्थिति में खाद की कमी का फायदा उठाकर निजी व्यापारी द्वारा निर्धारित कीमतों से दोगुने दामों पर खाद बेचते हैं और इस संकट के इस दौर में बाजार में नकली और अमानक खादों की बिक्री भी तेजी से बढ़ जाती है।

जिससे कि किसान आर्थिक रुप से और परेशान हो जाते है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष जिस तरह से व्यापारियों द्वारा खाद की कालाबाजारी किए थे जैसे कि यूरिया खाद जिसकी कीमत 266 रुपये था, वह व्यापारियों द्वारा 2000 से 2500 रुपए तक बेचा गया। यही कालाबाजारी इस वर्ष भी करने की साजिश किया जा रहा है।

किसानों के लिए पिछली कांग्रेस सरकार ने बहुत कुछ किया। कर्ज

### आदेश के अनुसार खाद का वितरण

निर्देशानुसार जिस अनुपात में किसानों को खाद वितरण करने के लिए कहा गया है हम उसे उसी हिसाब से खाद का वितरण कर रहे हैं।

**-शेर सिंह वर्मा,** समिति व्यवस्थापक

## बैनर-फ्लेक्स फटे, हीरो मोटर्स के शोरूम में लाखों का नुकसान

# आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, विद्युत व्यवस्था घंटों बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में बुधवार दोपहर लगभग 4 से 5 बजे के बीच आई तेज आंधी और बारिश ने तबाही मचा दी। अचानक चली तेज हवाओं से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया तथा नगर के कई हिस्सों में लंबे समय तक विद्युत व्यवस्था बाधित रही। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।तेज हवा के कारण नगरभर में लगे बैनर, पोस्टर एवं फ्लेक्स फट गए। जिन इमारतों में कांच की बाहरी दीवारें लगी थीं, वहां कई स्थानों पर कांच टूटने की घटनाएं सामने आईं। आंधी के दौरान धूल का घना गुबार छा गया और कुछ समय के लिए लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को तत्काल शटर बंद करना पड़ा तथा लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।



नगर स्थित अग्रवाल मोटर्स के हीरो मोटर्स शोरूम में भी आंधी ने भारी नुकसान पहुंचाया। शोरूम प्रबंधन के अनुसार तेज हवा से एसी, टिन शेड, बाउंड्री वॉल, लाइट व्यवस्था, बिजली उपकरण, गेट, खिड़कियां, टेबल, बोर्ड, कूलर एवं मोटरसाइकिलों को क्षति पहुंची है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कुल नुकसान लगभग 5 लाख रुपये बताया जा रहा है।

### जनजीवन भी प्रभावित

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मई में अत्यधिक गर्मी के कारण वातावरण में अस्थिरता बढ़ जाती है। दिनभर की तेज धूप से धरातल अत्यधिक गर्म हो जाता है, जिसके बाद गर्म एवं ठंडी हवाओं के टकराव से अचानक तेज आंधी और बारिश की स्थिति बनती है। इसे प्री-मानसून गतिविधि माना जाता है, जो मध्य भारत एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र में अक्सर देखने को मिलती है।इस आंधी का प्रभाव केवल भवनों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्युत आपूर्ति, यातायात एवं दैनिक जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।

### बाधित यातायात से लोग परेशान

कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी और पेयजल संकट जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं सड़कों पर गिरे पेड़ों एवं टूटे हुए होर्डिंग्स के कारण यातायात भी प्रभावित रहा। आंधी-बारिश के बाद नगर में जगह-जगह गिरे पेड़ों एवं क्षतिग्रस्त सामान को हटाने का कार्य देर शाम तक जारी रहा। नागरिकों ने प्रशासन से विद्युत व्यवस्था एवं क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।




# वन मंत्री कर रहे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग, फॉलो पायलट गाड़ी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों और ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशवासियों से की गई अपील का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री की बातों को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपनी दिनचर्या और जीवनशैली में भी अपनाना आवश्यक है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि वे स्वयं लंबे समय से आवश्यकताओं को सीमित रखने और अनावश्यक संसाधनों के उपयोग से बचने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या केवल दो तक सीमित रखी, ताकि ईंधन की अनावश्यक खपत को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने शासकीय बंगले में उपयोग के लिए उपलब्ध अतिरिक्त वाहनों को वापस विभाग को सौंप दिया, जिससे सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके।



### बढ़ाया ऊर्जा संरक्षण पर फोकस

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद रायपुर प्रवास के दौरान उनके साथ चलने वाली फॉलो पायलट गाड़ी को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है, ताकि ईंधन की बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग का संदेश व्यवहारिक रूप से दिया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में वे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है।

### घर में लगवाए सोलर पैनल

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा, ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी सोच के तहत उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल भी स्थापित करवाए हैं, ताकि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले।

### देशहित के विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की अपील पर की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, देशहित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता जैसे विषय राजनीति से ऊपर हैं। ऐसे मुद्दों पर सभी दलों और नागरिकों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

### मंत्री राजवाड़े ने फालो वाहनों का उपयोग किया बंद

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने के आह्वान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभागीय स्तर पर वाहनों के उपयोग को*



*लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षा संबंधी अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पायलट वाहन, फॉलो गाड़ी एवं अन्य विशेष प्रोटोकॉल वाहनों का उपयोग नहीं करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने अपने अधीन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग में वाहनों के समुचित उपयोग और मितव्ययिता बरतने के संबंध में विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोनों विभागाध्यक्ष कार्यालयों को उपयोग में लिए जा रहे वाहनों की तत्काल समीक्षा कर संख्या घटाने तथा केवल अत्यंत आवश्यक वाहनों को ही पुनः आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। शेष वाहनों का उपयोग फिलहाल नहीं किए जाने को कहा गया है। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पूल व्हीकल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि ईंधन की बचत के साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।*

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी घटाई काफिले के वाहनों की संख्या

*केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सुरक्षा में लगे फॉलोअप एवं काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा*



*काफिले में वाहनों की संख्या कम कर सादगी, ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिए जाने से प्रेरित होकर लिया है। साहू ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकटों और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए संसाधनों का संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग समय की मांग है। वे प्रधानमंत्री के सात महत्वपूर्ण जनहितकारी अपीलों का पूर्ण अनुकरण करेंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री कहा कि राष्ट्रहित में सादगी, ऊर्जा संरक्षण, आत्मनिर्भरता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को जन-भागीदारी से जन-आंदोलन बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों से भी प्रधानमंत्री जनहितकारी अपीलों का पालन करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है।*

## खबर संक्षेप



### एक्सपायरी दवा मामले में पुलिस कमिश्नर से एफआईआर दर्ज करने की मांग

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और कांग्रेसियों ने संभागायुक्त को शिकायत की है कि गुढ़ियारी ''हमर अस्पताल'' एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेयरहाउस तथा प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में एक्सपायरी दवाइयों के अवैध भंडारण, आपूर्ति, वितरण पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। श्री उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी गुढ़ियारी क्षेत्र में संचालित ''हमर अस्पताल'' एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेयरहाउस में भारी मात्रा में एक्सपायरी तथा निकट-एक्सपायरी अवधि वाली औषधियां पायी गयीं। इस घटनाक्रम ने न केवल प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरे संकट में डाल दिया है, बल्कि यह भी स्पष्ट संकेट दिया है कि स्वास्थ्य आपूर्ति प्रणाली में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, वित्तीय अनियमितता, आपराधिक मिलीभगत एवं जनस्वास्थ्य के साथ असंवेदनशील खिलवाड़ किया जा रहा है।

### जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे के नेतृत्व में बिरगांव में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे ने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल दिखावा और प्रचार कर रही है, जबकि आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में हजारों गरीब परिवार वर्षों से पट्टे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में अनेक गरीब परिवारों के पट्टे बनकर तैयार हो चुके थे, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद उन पट्टों को अलमारी में बंद कर दिया गया। आखिर गरीबों का हक किसके दबाव और संरक्षण में रोका गया है? भाजपा सरकार गरीबों को उनका अधिकार क्यों नहीं देना चाहती? अब बिरगांव की जनता इसका जवाब मांग रही है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पदाधिकारियों ने किया संबोधित

# वैभवपूर्ण और आर्थिक समृद्धिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य : शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की जो चर्चा हम करते हैं, उससे जन-जन को जोड़ने का कार्य करने वाले महापुरुष पश्चिम बंगाल से आते हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत हमारी वैचारिक जीत है। हम भारत को वैभवपूर्ण एवं विकसित भारत बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

उन्होंने कहा, समरस समाज का निर्माण हमारा लक्ष्य हो। कार्यकर्ता की संवेदनशीलता का भाव प्रेरणा का स्त्रोत होता है। वैभवपूर्ण और आर्थिक समृध्दिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य है। विकास और सुशासन में संतुलन बनाते हुए 140 करोड़ भारतवासियों में सांस्कृतिक गौरव का भाव स्थापित करना है। उस लक्ष्य के लिए भाजपा की राजनीतिक यात्रा चल रही है। हम सब मिलकर फिर से मजबूत छत्तीसगढ़ व विकसित भारत के लिए जुटेंगे।



### मोदी की गारंटी के वादों को पूरा कर जन विश्वास अर्जित किया : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा, कार्यकर्ताओं पर भाजपा के जनाधार को लगातार बढ़ाने की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेश में नक्सली आतंक के खात्मे की चर्चा करते हुए कहा, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनथक परिश्रम से यह कार्य समयबध्द ढंग से पूरा हुआ है। इन क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हुए और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा करके प्रदेश सरकार ने जन विश्वास अर्जित किया है।

### भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल सक्रिय रहते हैं : किरण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बैठक में कहा, पश्चिम बंगाल की जीत बहुत बड़ी जीत है। विश्व में इसकी चर्चा हुई। तमिलनाडु व केरलम में भी हमारी ताकत बढ़ी है। इसके लिए सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए श्री देव ने विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा, पंचायत व नगरीय निकाय चुनावों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

### कार्यकर्ता संगठन का आधार होता है : जम्वाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने संगठन कौशल, व्यवस्था और जिला प्रशिक्षण विषय पर कहा, कार्यकर्ता संगठन का आधार होता है। कार्यकर्ता अधिक सुव्यवस्थित हो, उसका सर्वांगीण विकास हो, उसके लिए प्रशिक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाती है। आगामी दिनों में जिलों प्रशिक्षण वर्गों का कार्यक्रम होना है वह अनुशासित, व्यवस्थित व प्रभावी हो। वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को वर्गों में रात्रि विश्राम करके कार्यकर्ताओं की सभी तरह की जिज्ञासाओं का समाधान करना चाहिए।

### राष्ट्र प्रथम की भावना ही सर्वोच्च है : तोखन साहू

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, अपने गठन के समय से भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है और यह हमारी लक्ष्य निष्ठ वैचारिक प्रतिबध्दता का सुपरिणाम है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम की भावना ही सर्वोच्च है।

### संगठन की कार्य योजना से सब जुड़ें : पवन

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठनात्मक गतिविधियों की चर्चा करते हुए पार्टी के कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, सतत प्रवास और कार्यों की निगरानी करने से संगठन की शक्ति में वृद्धि होगी। नगरीय निकायों, व पंचायतों जनपद पंचायत चुनावों, उपचुनावों की दृष्टि से योजना बनाने पर भी जोर दिया।

### बैठक में रखे गए ये प्रस्ताव

बैठक में शोक प्रस्ताव प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने रखा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजनैतिक प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं महासमुंद लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने किया। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल उन्मूलन प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया।

# पेपर माफिया सक्रिय, मिल रहा है राजनीतिक संरक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट पेरर लीक कांड में एनएसयूआई के बाद अब यूथ कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने पेपर लीक एवं लगातार हो रहे छात्र विरोधी घोटालों के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, जब-जब छात्रों की मेहनत के साथ खिलवाड़ किया जाएगा, युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। यह सिर्फ विरोध नहीं, युवाओं के अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। छात्र दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और भाजपा सरकार के संरक्षण में पेपर माफिया भविष्य बेच रहे हैं। डीकेएस अस्पताल के सम्मुख हुए इस प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर मेनन, पूर्व पार्षद सतनाम पनाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओम श्रीवास सहित युवा कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी व साथीगण मौजूद रहे।

### इधर, आप ने भी जताया रोष

कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने भी नीट परीक्षा लीक मामले में मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल कहा, यह 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला है। यह पूरी तरह से राजनीतिक संरक्षण और बड़े स्तर पर की गई मिलीभगत का परिणाम है। तंत्र को खबर क्यों नहीं लग पायी कि परीक्षा से 42 घंटे पहले ही प्रश्नपत्र बेचे जा रहे थे। यह पहली बार नहीं है। सभी मामलों को मिला दिया जाए तो पिछले 10 बरसों में 89 बार प्रश्नपत्र लीक हुए और 48 बार परीक्षा दोबारा हुई है। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें।

# कचना ब्रिज रेडी, पर नेता रेडी नहीं, इसलिए खुल नहीं रहा, जाम से फालतू में उड़ रहा पेट्रोल-डीजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल तक पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की है। इस पर अमल भी होने लगा है, लेकिन अपने राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी में कचना ब्रिज के पूरा होने के बाद भी नेताओं के इंतजार के कारण इसको ट्रायल के लिए खोलने में विलंब हो रहा है। ऐसा होने से रेलवे फाटक के बंद होने से जाम के कारण रोज सैकड़ों लीटर पेट्रोल और डीडल की फालतू में खपत हो रही है। यहां रोज डेढ़ लाख से ज्यादा लोग और हजारों वाहन जाम में फंसते हैं। ब्रिज के प्रारंभ होने से जाम से मुक्ति मिलने के साथ ही पेट्रोल और डीजल की भी खपत कम होगी।

36 करोड़ की लागत से कचना फ्लाईओवर का काम अक्टूबर 2023 से चल रहा है। इसको मई में पूरा करना है। फ्लाईओवर का पूरा काम हो गया है। इसके डामरीकरण को लेकर एक पेंच फंसा था, लेकिन इसके बाद भी इसके डामरीकरण का काम भी बीते सप्ताह पूरा हो गया है। डामरीकरण पूरा होने के बाद इसको ट्रायल के लिए खोला जाना है, ताकि सर्विस रोड का काम किया जा सके, लेकिन नेताओं के इंतजार में ट्रायल के लिए ब्रिज को खोलने का मामला अटक गया है।



### रोज लगता है लंबा जाम

कचना रेलवे क्रासिंग पर रोज लंबा जाम लगता है। इस रेलवे फाटक से कचना, खम्हारडीह सहित एक दर्जन से ज्यादा कालोनी के लोग गुजरते हैं। एक जानकारी के मुताबिक इस फाटक के बंद होने के कारण यहां पर रोज लंबा जाम लगता है। इस जाम में रोज हजारों लोग और वाहन फंसते हैं। जाम में फंसने के कारण वाहनों का पेट्रोल और डीजल मुफ्त में खर्च होता है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री पेट्रोल और डीजल को बचाने की बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ नेताओं का समय न मिलने के कारण ब्रिज को खोला नहीं जा रहा है। ब्रिज न खुलने के कारण सर्विस रोड का काम भी अटका हुआ है। मजबूरी में अब सर्विस रोड को रात के समय 11 बजे से सुबह को 5 बजे तक पूरा करने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ ब्रिज में बिजली का काम भी पूरा किया जा रहा है ताकि रात के समय भी ब्रिज में तलने में परेशान न हो। इस काम में थोड़ा समय लगेगा। लेकिन बिजली के बिना भी ब्रिज को ट्रायल के लिए दिन के समय खोला जा सकता है। इसकी तैयारी भी है, लेकिन मामला नेताओं के निरीक्षण पर आकर अटक गया है।

# ग्रामसभा की फर्जी एनओसी के आधार पर जनसुनवाई करवा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा की सरकार ग्रामसभा के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। ग्राम अलदा ग्रामसभा की अनुमति में अतिरिक्त लाइनें जोड़कर फर्जी सहमति लेना बताया गया। वहीं देवरी, घुलघुल में बिना ग्रामसभा को बुलाये फर्जी सहमति बतायी गयी। अलदा में बालाजी स्पंज एंड आयरन लिमिटेड और देवरी घुलघुल में अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना के लिए लगातार गैर-संवैधानिक एवं संदिग्ध प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। प्रभावित गांवों के अधिकतर ग्रामीण इन उद्योगों का लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

संवाददताओं से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ग्राम अलदा की ग्रामसभा के प्रस्ताव में कथित कूट रचना कर स्वीकृति प्राप्त की गई। इसकी जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तिल्दा तथा तहसीलदार-नायब तहसीलदार की समिति द्वारा की गई, जिसमें प्रस्ताव को फर्जी पाया गया। ज़ब पूर्व उपसरपंच लखनलाल वर्मा ने इस फर्जीवाड़े का विरोध किया, तो उन्हें राजस्व एवं पुलिस विभाग



द्वारा प्रताड़ित किया गया। देवरी घुलघुल में बिना ग्रामसभा एवं बिना पंचायत बैठक आयोजित किए कथित रूप से फर्जी एनओसी जारी कर दी गई। ग्रामीणों एवं पंचों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। पंचायत के पंचों द्वारा शपथ पत्र देकर स्पष्ट किया गया है कि न तो बैठक आयोजित हुई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया गया। मामले की जांच तहसीलदार स्तर पर जारी होने के बावजूद जांच प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जा रहा है।

### लोकसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

उन्होंने कहा, सरकार के अनर्णिय तथा प्रधानमंत्री की अपील के बाद देश के अधिकांश पंप ड्राई हो गये है। मोदी ने तो आज तक इस वैश्विक संकट पर विपक्षी दलों की बैठक तक नहीं बुलाई। जब उनसे स्थितियां नहीं संभल रही तो देश की जनता से कम उपयोग की अपील कर रहे है।

### दी गई अनुमति तत्काल निरस्त करें

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कूट रचना एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी एनओसी तथा उसके आधार पर प्राप्त अन्य सभी अनुमतियां पूरी तरह संदिग्ध एवं अवैध प्रतीत होती हैं। अतः फर्जी एनओसी एवं उसके आधार पर दी गई सभी स्वीकृतियों और अनुमतियों को तत्काल निरस्त किया जाना आवश्यक है।

### मोदी देश के लिए घातक

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां देश के लिए घातक है। उनकी सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों से देश को नुकसान हुआ है। नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन जैसे मोदी सरकार के निर्णय देश पर भारी पड़े हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दिया कि खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें। उन्होंने देश के कामकाजी वर्ग को सलाह दिया कि वर्क फॉर्म होम करिए। ऑफिस मत जाईये। उन्होंने देश की महिलाओं को सलाह दिया खाद्य तेल कम उपयोग करें, गैस का उपयोग कम करे। उन्होंने देशवासियों से कहा सोना मत खरीदे। उन्होंने लोगों से कहा विदेश यात्रा मत करे। प्रधानमंत्री ने देश की जनता से अपेक्षा तो कर दी लेकिन खुद गुजरात में, आसाम में जलसा कर रहे थे, देश के लोगों को कहते है कि विदेश मत जाओ खुद 15 तारीख से विदेश जा रहे है।

## वर्चुवल बैठक में छत्तीसगढ़ का समन्वय अमर पारवानी ने किया

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापारिक संगठनों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमैन सुनील सिंघी के माध्यम से आज एफटीए के प्रभावी उपयोग विषय पर वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। विशेष संवाद कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, उद्योग संगठनों एवं निर्यात क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में जुड़े। छत्तीसगढ़ का समन्वय अमर पारवानी ने किया।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में भारत सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ हुए एफटीए के तहत व्यापार एवं निर्यात



क्षेत्र को मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा सेक्टर वाइज प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विभिन्न उद्योगों एवं व्यापारिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत सरकार ने निर्यात को प्रोत्साहन देने अनेक प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया है। जो भी व्यापारी एवं उद्योगपति निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने व्यापारिक समुदाय से एफटीए का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। श्री गोयल ने विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर को एफटीए के अंतर्गत मिलने वाले अवसरों पर जोर देते हुए कहा, कि छोटे एवं मध्यम उद्योगों को निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही एफटीए से जुड़े देशों के उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के बीच आपसी विजिट, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान एवं बिजनेस नेटवर्किंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मार्गदर्शन में निर्यात एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन से जुड़े विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं निर्यातकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्यात बढ़ाने, वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने और एफटीए के व्यावहारिक लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# 7 जून से थम जाएंगे 72 ट्रेनों के पहिए, हावड़ा-मुम्बई ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को झेलनी होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

चौथी लाइन का कार्य आटो सिग्नलिंग सहित अन्य अधोसंरचना कार्यों के कारण रेल प्रशासन ने एक बार फिर से एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर सहित करीब 72 ट्रेनों के पहियों को 7 जून से 12 दिनों तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। यह सारी ट्रेनें हावड़ा-मुम्बई और बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली हैं। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना में शामिल है, जो पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है।

परिचाल को और भी सुचारू तथा नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी लाइन का निर्माण हो रहा है, जिसमें अब तक 180 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसमें अब बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी लाइन को जोड़ने का कार्य 7 से 19 जून तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। रद्द ट्रेनों के अलावा 11 व 13 जून को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़ रायपुर होकर, 13 व 15 जून को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 12 व 15 जून को 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 12 व 13 जून को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 14 व 15 जून को 2102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13 व 17 जून को 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर निकाली जाएगी, जिसके कारण ट्रेन के यात्रियों को रायपुर के बाद बिलासपुर, रायगढ़,झारसुगुड़ा तक नहीं सफर करने की सुविधा नहीं मिल सकेगी। परिवर्तित ट्रेनों के अलावा कुछ ट्रेनों को बीच में ही समाप्त किया जाएगा।

इसमें 8 से 19 जून तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा अप-डाउन पैसेंजर ट्रेन झारसुगुड़ा से बिलासपुर और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 8 से 19 जून तक 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर के बीच, 7 से 18 जून तक 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस बिलासपुर से कोरबा के बीच, 8 से 19 जून तक 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम बिलासपुर से शुरु करते हुए कोरबा से बिलासपुर के बीच, 10 व 13 जून को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 12 व 15 जून को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंड़वाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द करने के बाद बिलासपुर स्टेशन से निजामुद्दीन के लिए रवाना की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई कक्षा बोर्ड परीक्षा 12वीं वेडनर स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** शहर के प्रतिष्ठित वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वाणिज्य और विज्ञान दोनों संकायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में शानवीर गुरुदत्ता ने 92.8% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रौनक कृष्णानी 91.2% अंक के साथ दूसरे और नोमिका साहू 86.8% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय से सिद्धार्थ प्रकाश साहू ने 90.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्रेयल चंद्राकर ने 88.6% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान पर एवं जयलक्ष्मी साहू ने 86.4% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। इसी प्रकार विनय सिन्हा ने योग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम, प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

### विवि और कॉलेजों में सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन एक जून से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के यूटीडी और संबद्ध सभी कॉलेजों में जनवरी से जून 2026 सत्र की सेमेस्टर परीक्षा एक जून से प्रारंभ होगी। विवि द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा सुबह दस से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो से शाम पांच तक के दो पालियों में होगी। नए-पुराने पाठ्यक्रमों के नियमित एवं स्वाध्यायी (प्रायवेट) के अध्ययनरत उत्तीर्ण, प्रमोटेड, डिटेंड, भूतपूर्व, एटीकेटी स्टूडेंट्स अपनी-अपनी परीक्षाओं की समय सारिणी विवि के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं, जो विद्यार्थी अभी तक फॉर्म ऑनलाइन नहीं कर पाए हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना पर निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा।** नगर पंचायत बारसूर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नियमानुसार हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा प्रदान की जाती है। योजना के अनुसार भवन निर्माण उपरांत अलग-अलग स्तरों पर 4 किश्तों में हितग्राही के खाते में राशि प्रदाय की जाती है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया गया है कि हितग्राही अपने स्वयं के आवास निर्माण के लिए ठेकेदार या मजदूर चयन करने में पूरी तरह स्वतंत्र है, जिसमें निकाय द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाता। निकाय स्तर से केवल गुणवत्ता एवं तकनीकी मार्ग-दर्शन देना है। लिंटल, रूफ एवं फिनिशिंग स्तर पर जियो टैग फोटो अपलोड होने के बाद शासन द्वारा राशि सीधे हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में प्रदान की जाती है।

**परिणाम :** आधारशिला सीनियर सेकंडरी स्कूल भाटापारा के छात्र की उपलब्धि

# सीबीएसई में जतिन ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

आधारशिला स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। विद्यालय के मेधावी छात्र जतिन वर्मा ने विज्ञान समूह में 95. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बलौदाबाजार जिले में प्रथम स्थान हासिल कर परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में विशेष उत्साह देखा गया।

वहीं मुस्कान मोटवानी ने वाणिज्य समूह में 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छात्र विदुषी इदवानी ने 91.6 और अमृता वर्मा ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में दिव्यांश तिवारी ने वाणिज्य समूह में 86.4% अंक प्राप्त है। प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एन्टो थामस ने बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तथा सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत शिक्षकों के समर्पण गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्टता की इस परंपरा को बनाए रखते हुए समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

### सीबीएसई 12वीं में संस्कृति ने हासिल किए 95.6 प्रतिशत अंक

**हथबंद।** आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रावन की छात्रा एवं हथबंद निवासी संस्कृति वर्मा ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स बोर्ड परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्कृति की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी।संस्कृति वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय वर्मा शाला विकास समिति सांसद प्रतिनिधि एवं विद्या वर्मा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष की सुपुत्री तथा संचिता वर्मा की छोटी बहन हैं। वह प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं तथा 10वीं बोर्ड सहित विभिन्न कक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाती रही हैं। अपनी मेहनत, लगन और मोबाइल से दूरी बनाकर उन्होंने यह सफलता हासिल की है। संस्कृति की इस उपलब्धि पर मंत्री टंकराम वर्मा एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने फोन से बधाई दीं। वहीं जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, सरपंच ढालेश्वरी-नरेश अनंत, जिला उपाध्यक्ष केजू बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धीगधे, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष करण वर्मा आदि ने बधाई दी।





### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**गोपालपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए परीक्षा सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष है। विद्यालय के मेधावी छात्र मयंक देवांगन ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वीपीस खांडेकर ने 79.7 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, विवेक प्रेमी ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा वरुण देव साहू ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों का सफल होना विद्यालय की सुदृढ़ शिक्षण व्यवस्था और शिक्षकों के सतत परिश्रम को दर्शाता है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रभारी प्राचार्य मनोज रात्रे ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खम्हरिया इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करता रहेगा।






### अंबुजा विद्यापीठ का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बलौदाबाजार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में अंबुजा विद्यापीठ के विद्यार्थियों का परिणाम उत्तम रहा। संस्था के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला परिवार एवं अपने माता- पिता को गौरवान्वित किया है। सत्र 2025 - 26 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रविष्ट हुए 92 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों को डिस्टेंशन, 32 को प्रथम श्रेणी एवं 2 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुआ। कला संकाय में प्रथम अदिति भट्टाचार्जी - 96.8%, विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान काव्यांश शर्मा - 94.2%, एवं वाणिज्य संख्या में प्रथम स्थान सौम्या मंघानी - 93.8% प्राप्त किया। 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये । जिसमे पूर्वी वर्मा - 93.8%, निष्ठा जैन- 93.6%, अभी अग्रवाल - 93.4%, अनंत शर्मा - 92.4%, दिव्यांश अग्रवाल - 92.4%, श्याम मल - 91.8%, निलेश मल- 91% एवं आयुष सोनी - 90.2% प्राप्त किये। विद्यालय की इस उपलब्धि पर अंबुजा सीमेंट इकाई प्रमुख एवं अंबुजा विद्यापीठ, रवान के अध्यक्ष एस आर तिर्की, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकों ने अत्यंत हर्ष प्रकट किया।

### गुनगुन ने हासिल किये 97.20 अंक



**भाटापारा।** नगर व समाज के प्रतिष्ठित बजरंग वार्ड निवासी भरत कुमार आरती माधवानी की सुपुत्री गुनगुन माधवानी ने स्थानीय गुरूकुल स्कूल की कक्षा 12 के कामर्स संकाय में 97.2 अंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर परिवार, समाजजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# खांसी में खून, लोबेक्टॉमी सर्जरी कर फेफड़े के संक्रमित हिस्से को काटकर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खांसी के साथ खून आने की समस्या से पीड़ित 25 साल के मरीज की लोबेक्टॉमी सर्जरी कर जान बचा ली गई। ऑपरेशन के दौरान फेफड़े के उस हिस्से को काटकर निकाला गया, जो कैविटी बनने के कारण एस्परजिलोमा नामक फंगल से संक्रमित हो चुका था। बीमारी को टीबी मानकर मरीज इलाज करवा चुका था, मगर उससे राहत नहीं मिली थी। अभनपुर इलाके में रहने वाले मरीज की समस्या पिछले एक माह से अधिक बढ़ गई थी और प्रत्येक बार में 50 से 70 एमएल तक खून निकल रहा था। डॉक्टरों के अनुसार यदि समय रहते ऑपरेशन नहीं किया जाता, तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज की जान भी जा सकती थी। फेफड़े संबंधित परेशानी लेकर सीटीवीएस विभाग पहुंचे मरीज का सीटी स्कैन कराया, तो दाएं फेफड़े के निचले हिस्से में बड़ी कैविटी और उसमें एस्परजिलोमा नामक फंगल संक्रमण होने की पुष्टि हुई। मरीज की जान बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन आवश्यक था। इस



सर्जिकल प्रक्रिया को मेडिकल भाषा में लोबेक्टॉमी कहा जाता है, जिसमें फेफड़े के संक्रमित हिस्से को काटकर निकाला जाता है। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल एवं हाई-रिस्क सर्जरी की श्रेणी में आता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान फेफड़ों की प्रमुख रक्त वाहिनियों- पल्मोनरी आर्टरी एवं पल्मोनरी वेन को क्षति पहुंचने का खतरा बना रहता है। परिजनों की सहमति के बाद आपातकालीन ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान अत्याधुनिक लंग स्टेपलर गन तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे ऑपरेशन के बाद एयर लीक जैसी जटिलताओं की संभावना कम हो सके। सफल सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और कुछ दिनों बाद उसे पूर्णतः स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

### छाती एवं फेफड़ों की सर्जरी उन्नत तकनीक से

आंबेडकर अस्पताल हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि छाती एवं फेफड़ों के अधिकतर ऑपरेशन उन्नत तकनीक से किया जा रहा है। खांसी के साथ खून आने की स्थिति को मेडिकल भाषा में हीमोप्टाइसिस कहा जाता है। इसके प्रमुख कारणों में फेफड़ों की टीबी, फेफड़ों का कैंसर, पल्मोनरी एवी मालफॉर्मेशन, ब्रोंकाइटिस तथा अन्य गंभीर फेफड़ा संबंधी रोग शामिल हैं।इस जटिल सर्जरी को पूरा करने में सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. मोहिता मित्तल, ओटी टेक्निशियन भूपेन्द्र, नरेन्द्र, हरीश, निराकार, नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, चोवा, दुष्यंत, मुनेश, नूतन, शीबा ने दिया।

# आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रारंभ, पहले मिलते थे सीट से दस गुना आवेदन, इस बार दोगुने भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- ना मिलने से बदहाल हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय, प्रवेश पर भी पड़ रहा असर

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रारंभ हो गई है। जिले में 36 स्वामी आत्मानंद विद्यालय हैं। इनमें से 33 इंग्लिश माध्यम जबकि 3 हिंदी माध्यम है। इन विद्यालयों के लिए पहली लॉटरी 11 मई को निकाली गई थी। अधिकतर विद्यालयों में अंतिम चरण की लॉटरी 13 मई को निकाली गई, जबकि कई विद्यालयों में प्रक्रिया अभी शेष है। इस बार स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में दाखिले के लिए पूर्व की तरह आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।



बीपी पुजारी स्कूल राजातालाब में एलकेजी कक्षा के लिए केवल 160 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। पहली कक्षा के लिए 90 आवेदन ही मिले हैं। जबकि बीते सत्र तक यहां के लिए हजार से अधिक आवेदन प्राप्त होते रहे हैं। इसी तरह से आरडी तिवारी विद्यालय में एलकेजी के लिए मात्र 390 और पहली कक्षा के लिए 213 आवेदन ही मिले हैं। यहां भी 1500 से अधिक अर्जियां दाखिले के लिए मिलती रही हैं।

### शिक्षकों की कमी से जूझ रहे संस्थान

पूरे मामले में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सरकार को घेरा है। लॉटरी निकाले जाने के बाद आवेदन की स्थिति को देखते हुए उन्होंने कहा, शिक्षकों की कमी एवं अव्यवस्था के कारण आम जनता का स्वामी आत्मानन्द योजना से संचालित स्कूलों में विश्वास कम हुआ है। पहले इन स्कूल का अध्यक्ष कलेक्टर को बनाया गया था। उस दौरान व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं थी। किंतु जब से यह स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत गए हैं, बदहाल हो गए हैं। शासकीय विद्यालयों से पालकों का विश्वास उठना चिंतनीय है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के साथ इंग्लिश भाषा में उनकी दक्षता को बेहतर करने का कार्य भी इस योजना के माध्यम से हो रहा था, लेकिन अब गरीब पालकों में निराशा है।

# पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पटेवा थाना में एक महिला ने पति-पांति के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करायी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ताहिरा बी पति स्व जहीब मोहम्मद उम्र 50 साल निवासी चांदापारा (पिथौरा) ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि वह आज से करीबन 10-12 वर्षों से अपने मायके ग्राम सिनोधा में अपने बच्चों के साथ रहती है। 5 मई से 10 मई को वह अपने बड़े पिताजी के लड़के मोहम्मद हबीब भाई के घर शादी में गयी थी, घर का दरवाजा बंद था। 10 मई को रात करीबन 10 बजे ताहिरा घर में आकर देखी तो घर के अंदर छोटी बहन जाहिना बेगम और उसका पति छबिराम दीवान थे, जिन्हें ताहिरा ने तुम लोग मुझे बिना पूछे मेरे घर में कैसे घुस गये हो बोली तो तू कौन होती है हम लोगों को बोलने वाली कहकर जाहिना बेगम के साथ आए छबिराम दीवान गाली गलौच करने लगा और जाहिना ने ताहिरा के बाल पकड़कर उसे जमीन में गिरा दिया। दोनों ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। जब ताहिरा ने अपने बडे पिताजी के बेटे हबीब के घर जाकर झगड़े के संबंध में बताया तो ताहिरा के साथ नब्बू, जंगू, हबीब, शहनाज बेगम गये और जाहिना बेगम को समझाने का प्रयास करने लगे तो छबिराम दीवान ने मेरी पत्नी जाहिना का घर है अब हम दोनों रहेंगे बोलकर नब्बू, जंगू, हबीब, शहनाज बेगम के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से ताहिरा के दाहिने हाथ की कलाई में तथा सिर में चोट आई है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी जाहिना बेगम और छबिराम दीवान के खिलाफ धारा बीएनएस 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध कायम किया है।

# जिलास्तरीय समितियों की बैठक में कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं की समीक्षा की

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शाम जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यू समिति तथा जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक लेकर जिले में संचालित बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, शैक्षिक ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रत साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि कृषि कार्यों से जुड़े हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप आसान एवं सरलीकृत प्रक्रिया से ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा लोन तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एनआरएलएम अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़े हितग्राहियों के लंबित ऋण प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवश्यकता और जरूरत के अनुसार शैक्षिक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आरसेटी अंतर्गत ग्रामीण युवकों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने आवासीय प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का चयन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए। कलेक्टर ने बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैंक आम नागरिकों को वित्तीय रूप से जागरूक करने के लिए लगातार वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करें तथा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। साथ ही लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी देकर उनकी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करें।

बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न बैंक ऋण योजनाओं की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर लंगेह ने पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों के शत-प्रतिशत बैंक खाते खोलने तथा खातों को आधार नंबर से लिंक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी सहज बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी कारणवश किसी हितग्राही का ऋण प्रकरण स्वीकृत नहीं किया जा सकता है, तो संबंधित बैंक उसे लिखित रूप में कारण सहित जानकारी उपलब्ध कराए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकिंग कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या फ्रॉड गतिविधियों से दूर रहें।

बैठक के दौरान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन, मत्स्य पालन, अंत्यावसायी तथा ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभय पारे ने विभिन्न आंकड़ों एवं प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जिले में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में शिविर का आयोजन

## कृषि वैज्ञानिकों ने फसलवार संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज जिले के पांचों विकासखंडों के 10 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि तथा अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर एवं किसान रथ के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रचार कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। शिविर का आयोजन विकासखंड महासमुंद अतर्गत ग्राम मालीडीह एवं जोबा, विकासखंड बागबाहरा अतंर्गत खट्टी एवं परकोम, विकासखंड पिथौरा के ग्राम जघोरा एवं नयापाराकला, विकासखंड बसना अतर्गत मेदनीपुर एवं रूपापाली तथा विकासखंड सरायपाली के ग्राम पझरापाली एवं अरतुंडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया एवं किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग प्रोत्साहन हेतु वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। तथा डी.ए.पी.के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे - नैनो डीएपी. नैनो यूरिया 12:32:16, 20:20:13 एवं एसएसपी के उपयोग के संबंध में कृषकों को बताया गया। हरीखाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई, केंचुआ खाद आदि के उपयोग से न केवल भूमि की दशा में सुधार होता है अपितु उत्पादकता वृद्धि भी होती है। शिविर में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, एग्रीस्टैक से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें से कुछ आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही मौके पर किया गया तथा शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## स्कूल के बोर में लगे पंप का वायर चोरी

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा के बोर में लगे मोटर पंप के वायर की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रधानपाठक नीरज कुमार दास ने बताया कि 02 मई को सुबह 9 बजे ग्राम धुमाभांठा के आदित्य रंजन कानूनगो फोन करके बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा के परिसर में स्थित बोरवेल्स में लगे मोटर पंप के केबल वायर लगभग 35 मीटर कीमत 3800 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

## उमरदा स्कूल से साढ़े तीस हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल उमरदा से साढ़े तीस हजार के सामानों की चोरी का मामला सामने आया है। मामले में प्रभारी प्राचार्य की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रभारी प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर पिता देवसिंह चंद्राकर ने बताया कि 13 मई की सुबह बच्चों ने बताया कि स्कूल में चोरी हो गया है। इसके बाद तत्काल स्कूल पहुंचकर जानकारी लेने पर पता चला कि चोरों ने स्कूल के तालों को तोड़कर एलईडी टीवी 32 इंच, प्रिंटर फोटोकापी और स्पीकर साउंड सिस्टम कुल 30500 रुपए की चोरी हुई है। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## घर से लैपटॉप, इंडक्शन चोरी

**महासमुंद।** वार्ड 15 स्थित एक घर से अज्ञात चोर ने लैपटॉप और इंडक्शन की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन तिवारी पिता जगदीश चंद्र तिवारी वार्ड नं 15 नीलकंठ चौक दादा वाडा महासमुंद में बताया कि 13 मई की सुबह वह घर से शिवालिक प्लांट मुढ़ेना में काम करने गया था, जहां से रात 09 बजे वापस घर आकर देखा तो घर के मुख्य दरवाजे में ताला नहीं लगा था और घर के अंदर से लैपटॉप कीमत 50,000 और इंडक्शन कीमत 1500 रुपए कुल 51500 रुपए की चोरी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## महिलाओं को दिया गया स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**बागबाहरा।** शहर के वार्ड न. 08 में असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट द्वारा स्कील इंडिया अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। जिसमें बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण, टैली प्रशिक्षण, केक, डीसीए. प्रशिक्षक एवं सुपरवाइजर प्रभा लहरे, अरविंद लहरे द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवती वा महिलाएं प्रशिक्षण में सामिल हुए 90 घंटे 45 दिन तक का प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद भारत सरकार मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी दिया गया। असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के संचालक प्रेम निराला ने बताया कि पिथौरा महासमुंद अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को सफल उद्यमी बनाकर उन्हें सशक्त बनाना होगा। जिसका लक्ष्य वित्तीय स्थिरता में सुधार लाना है। ये पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और दीर्घकालिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ताकि वे स्थायी, स्वरोजगार उद्यमशीलता को बढ़ावा दे सकें।

**निधन**

## कन्हैया लाल साहू



**पलारी।** ग्राम अमेरा निवासी पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम अमेरा में किया गया। उनके निधन पर परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वे लेखराम साहू, गैंदराम साहू, गावस्कर साहू के पिता व तरूण, प्रतिक, थनीश, मयंक के दादा थे।

**अभियान : मौके पर बांटे गए प्रमाणपत्र और गिनाए गए सरकारी योजनाओं से होने वाले लाभ**

# समाधान शिविर में 19 गांवों के ग्रामीण पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत बुधवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत जांगड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नागरिकों की समस्याओं का उनके गांव के समीप ही निराकरण करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में आसपास के लगभग 19 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा आम जनता तक योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी लंबित फाइलों के ढेर लगाने के बजाय वास्तविक समाधान पर ध्यान दें ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

डॉ. दौलत राम पाल ने शिविर में लगाए गए सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं लाभ वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें तथा अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखें।

एसडीएम अतुल कुमार शेटे एवं जनपद सीईओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन प्रत्येक आवेदन की व्यवस्थित मॉनिटरिंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय अथवा तहसील कार्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें और अधिकतर समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही किया जाए।

प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन आगामी 10 जून तक लगातार जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चौरे, सरपंच कलावती चतुर्वेदी, भाजपा जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष करण वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद प्रतिनिधि सत्या जोगी, मोहन धीगड़े, अश्वनी झग्गर पाल, खोंमलाल साहू, जीवन साहू, बबलू पटेल, हरिश वैष्णव, कल्याण ध्रुव, डोमार मारकंडे, ढालेश्वरी नरेश अनंत, सरोज कुमार साहू, ईश्वरी मारकंडे, महामंत्री प्रेमलता वर्मा, लीली वर्मा ,धनेश्वरी वर्मा, घन्ना धनेश्वर निषाद, जीतू यादव, धनी राम रजक, प्रकाश पाल, ठाकेश चतुरे ,संतराम ध्रुव, मुलचंद टंडन, पूजा पाल , रूप चन्द पाटिल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मंच संचालन फलेंद निषाद, सरपंच, पंच, भाजपा कार्यकर्ता, महिला समूह की सदस्याएं, मितानिन सहायिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई

शिविर में सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। लोग अपनी समस्याएं एवं आवेदन लेकर पहुंचे, जहां संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना गया। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, श्रम, सामाजिक कल्याण, शिक्षा एवं अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के बजाय संवेदनशीलता एवं समय-सीमा के भीतर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में पहुंचे अधिकारियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया तथा योजनाओं के लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### सुशासन शिविर में मिले 192 आवेदन, 13 निराकृत



**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत पवनी में सुशासन तिहार के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और विभिन्न विभागों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। शिविर में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग संबंधी 168 आवेदन एवं शिकायत संबंधी 24 आवेदन शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों में से 13 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जिससे हितग्राहियों में खुशी देखी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जहां छोटे बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जहां नगरवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। सुशासन तिहार शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मामूली आंधी में ढहे 33 केवी लाइन के खंभे, रातभर अंधेरे में रहे दर्जनों गांव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

बुधवार शाम आए आंधी ने कसडोल विद्युत विभाग के दावों और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल खोल दी। सेल से कटगी मुख्य मार्ग पर 33 केवी विद्युत लाइन के करीब आठ बिजली खंभे ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गए, जिससे दो दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। पूरी रात बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और लोग रातभर जागकर बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे। बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल व्यवस्था सहित दैनिक कार्य प्रभावित रहे। भीषण गर्मी के बीच लोगों को घरों की छतों और आंगनों में जैसे-तैसे रात बितानी पड़ी। कई स्थानों पर अब भी बिजली के खंभे सड़क किनारे गिरे पड़े हैं तथा मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में आक्रोश बना हुआ है।घटना के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते खंभों की गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

▪ कसडोल विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने घटना को प्राकृतिक आपदा बताते हुए कहा है कि तेज हवाओं के दबाव के कारण खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभागीय टीम युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटी हुई है तथा जल्द ही विद्युत आपूर्ति सामान्य करने का दावा किया गया है।

### ग्रामीणों ने लगाया घटिया निर्माण का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तूफान सामान्य था, इसके बावजूद एक साथ इतने खंभों का गिरना निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग को दर्शाता है। लोगों का कहना है कि खंभे गिरते ही तीन-तीन टुकड़ों में टूट गए, जिससे साफ प्रतीत होता है कि निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों ने सीमेंट और सरिए की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

## अर्जुनी में कर्मा जयंती और लोकार्पण कार्यक्रम आज

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विकासखंड के मेन रोड पर स्थित ग्राम अर्जुनी में साहू संघ द्वारा मां कर्मा जयंती एवं साहू समाज भवन का लोकार्पण 15 मई को रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा कर्मा महाआरती खिचड़ी प्रसाद वितरण भोजन प्रसादी के साथ किया जाएगा। मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील साहू करेंगे। वही अतिविशिष्ट अतिथि विधायक संदीप साहू पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा एवं विशेष अतिथि में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कार्यकारिणी सदस्य धनंजय साहू पूर्व जिला अध्यक्ष रेवाराम साहू जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा ईशान वैष्णव बलौदाबाजार तहसील अध्यक्ष पारसमणी साहू जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव सरपंच कविता भगेला ध्रुव उपसरपंव विष्णु साहू अर्जुनी परिक्षेत्र अध्यक्ष परदेसी राम साहू उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू टीकाराम साहू परिक्षेत्र संगठन सचिव कृष्णकुमार साहू एवं उषा साहू राधेश्याम साहू प्रमोद सांखला सहित सामाजिक पदाधिकारी और सामाजिकजन उपस्थित रहेंगे।



## मनीराम की कृति 'बड़ोरा बस्तर के' का विमोचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विगत दिनों छंद के छ स्थापना दिवस पर पुस्तक विमोचन समारोह एवं राज्य स्तरीय छंद कवि सम्मेलन, वृंदावन हाल रायपुर में हुआ। इसमें कचलोन (सिमगा) के साहित्यकार मनीराम साहू मितान के छंद बद्ध प्रबंध काव्य बड़ोरा बस्तर के का विमोचन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र एवं अशोक तिवारी प्रोफेसर आफ प्रेक्टिस सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मितान को छंद रतन सम्मान 2026 से भी सम्मानित किया गया। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा में अपनी कलम चलाने वाले मनीराम साहू की ये आठवीं कृति है।

ज्ञातव्य हो कि श्री साहू छंद लेखन में अपनी अलग जगह बनाई है। वर्तमान वे आनलाइन गुरुकुल छंद के छ में गुरु की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित वैभव प्रकाशन रायपुर के संस्थापक सुधीर शर्मा, छंद के छ के संस्थापक अरुण कुमार निगम, सरला शर्मा एवं सपना निगम वरिष्ठ साहित्यकार दुर्ग सहित लगभग 200 साहित्यकार एवं छंद साधकों की उपस्थिति रही।

# बिजली विभाग निजी भूमि के सामने लगा रहा ट्रांसफार्मर व्यापारी ने किया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

स्थानीय निवासी मनीष अग्रवाल व्यापारी और पत्रकार हैं, इनकी जमीन सराईपाली मार्ग के खसरा नंबर 731 में स्थित है। शिकायतकर्ता मनीष ने बताया कि विद्युत विभाग ने इनकी जमीन के सामने बिना अनुमति के ट्रांसफार्मर स्थापित करने प्रस्तावित किया है, जिसका मनीष ने विरोध किया है, इसके बावजूद विभाग जबरदस्ती दबावपूर्वक ट्रांसफार्मर लगा रहा है, जबकि ट्रांसफार्मर के लिए उसी मार्ग में अन्य उपयुक्त और निर्विवाद स्थान उपलब्ध हैं।

मनीष ने बताया कि इनकी दुकान कुछ वर्ष पूर्व आगजनी में पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। इस हादसे में केवल दुकान नहीं जली, बल्कि एक परिवार की आर्थिक रीढ़ तक तोड़ दी थी। भारी कर्ज और संघर्ष के बाद जैसे-तैसे जीवन फिर पटरी पर लाया गया और अब इनकी दुकान 130 बी एनएच के अधिग्रहण में चली जाएगी। मनीष ने बताया कि वे भविष्य में अपनी दुकान को सरायपाली मार्ग में स्थित खसरा नम्बर 731 में निर्माण कराने का विचार कर रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा उच्च के व्ही वाले ट्रांसफार्मर की स्थापना किए जाने से भविष्य में फिर किसी बड़े हादसे की आशंका जताते हुए विभाग और जिला प्रशासन से ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थापित करने की मांग की है।



इस पूरे मामले को कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग को स्थल परीक्षण कर उचित स्थान पर ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने आवश्यक दिया। इस संदर्भ में विद्युत केंद्र सरसीवां के जे ई सुरेन्द्र कंवर से उनका पक्ष जानने मोबाइल से संपर्क किया तो घंटी गई लेकिन इन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

**कॉलेज में पत्रकारिता प्रशिक्षण के अंतिम दिवस विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की रचनात्मक प्रतिभा**

# समाचार पत्र होता है सच, संघर्ष और समाज की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में आयोजित सात दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण एवं भाषाई दक्षता इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजकुमार जांगड़े ने पत्रकारिता के महत्व, चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल समाचार लिखने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज का सजग प्रहरी होता है। एक सच्चे पत्रकार में सत्यता, निष्पक्षता, धैर्य और भाषाई दक्षता होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र जितना सम्मानजनक है, उतना ही संघर्षपूर्ण भी है। कई बार पत्रकारों को सत्य सामने लाने के लिए सामाजिक दबाव, आर्थिक कठिनाइयों और जोखिमों का सामना करना पड़ता है, फिर भी उन्हें निर्भीक होकर जनहित में कार्य करना चाहिए।




कार्यक्रम के अंतिम दिवस छात्र-छात्राओं ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए समाचार पत्रों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर महाविद्यालय परिसर में उत्सुकता और रचनात्मकता का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि आने वाली पीढ़ी पत्रकारिता के क्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

### सरल भाषा बनाते हैं समाचार को आकर्षक

श्री जांगड़े ने विद्यार्थियों को समाचार लेखन की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि आकर्षक समाचार वही होता है जिसमें तथ्य स्पष्ट हों, भाषा सरल हो और प्रस्तुति प्रभावशाली हो। उन्होंने पाठ्यक्रम के अतिरिक्त साहित्य अध्ययन और भाषाई शुद्धता पर विशेष जोर दिया।

### भाषाई दक्षता से मिलती है सफलता की राह

सहसंयोजक रेशम चौहान ने कहा कि भाषाई दक्षता परिमार्जित ज्ञान का स्वरूप है, जो विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होती है। प्राचार्य ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा मुख्य अतिथि के हाथों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा चांदनी नायक ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन छात्र संतोष चौधरी एवं छात्रा रामवती ने किया।

